This question paper contains 8 printed pages.

**2454**

Your Roll No. ......................

**LL.B. / I Term** **F**

Paper LB-104 : LAW OF CRIME – I

*Time* : 3 hours *Maximum Marks* : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

NOTE:— *Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

टिप्पणी:— *इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

*Attempt any five questions.*
*All questions carry equal marks.*

*किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*
*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

1. (a) Explain the rationale behind punishing a person guilty of a strict liability offence in the absence of guilty mind.

आपराधिक मनःस्थिति न होने पर कठोर दायित्व के दोषी को दंडित करने के पीछे के तर्काधार की व्याख्या कीजिए। 10

(b) Raghav Ram, a film actor was returning from a party past midnight when he dozed off and the car that he was driving ran over two persons sleeping on the pavement killing them and thereafter rammed into a pole. He was jolted out of sleep by the impact of the accident when his car hit the pole. Tests confirmed high dosage of alcohol in his blood. Discuss his liability for the death of those two persons.

फिल्म अभिनेता राघव राम आधी रात के बाद एक पार्टी से लौटते समय ऊँघने लगा तथा जिस कार को वह चला रहा था वह पटरी पर सो रहे दो व्यक्तियों पर चढ़ गई जिससे उनकी मृत्यु हो गई और उसके बाद कार एक खंभे से जा टकराई। जब उसकी कार खंभे से टकराई तब उस दुर्घटना के समाघात द्वारा लगे हचकोले से वह नींद से जागा। परीक्षण ने उसके रक्त में मध की भारी खुराक की पुष्टि की। उक्त दोनों व्यक्तियों की मृत्यु हेतु उसके दायित्वाधीन होने का विवेचन कीजिए। 10

2. (a) What are the circumstances wherein right of private defence of body extends to voluntarily causing death?

वे कौनसी परिस्थितियाँ हैं जिनमें शरीर की प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार का विस्तार स्वेच्छया मृत्यु कारित करने तक हो जाता है? 10

(b) Can a student leader on indefinite fast during a protest, be force-fed in order to save his life? Discuss in the light of relevant case law.

क्या विरोध प्रदर्शन के दौरान अनिश्चितकालीन उपवास पर रहने वाले छात्रनेता के प्राणों को बचाने के लिये उसे बलात् भोजन कराया जा सकता है? सुसंगत निर्णयविधि को ध्यान में रखते हुये विवेचन कीजिए। 10

3. (a) A, a police sub-inspector in exercise of his lawful powers goes to the house of a murder suspect B to arrest him. The sub-inspector behaves in an unusually high-handed manner that provokes B. Due to this B picks up a kitchen knife lying nearby and thrusts it into the abdomen of A resulting in grievous injury and ultimately death of A. During trial B pleads defence of grave and sudden provocation. Decide.

एक पुलिस उपनिरीक्षक अपनी विधिपूर्ण शक्तियों का प्रयोग करते हुये हत्या के संदिग्ध B के घर उसे गिरफ्तार करने के लिये जाता है। उपनिरीक्षक असामान्यत: उद्धत होकर व्यवहार करता है जिससे B प्रकोपित हो जाता है। इससे B पास पड़े किचिन नाइफ को उठाकर A के उदर में घोंप देता है जिसके परिणामस्वरूप A को घोर उपहति तथा अंततः उसकी मृत्यु हो जाती है। विचारण के दौरान B गम्भीर और अचानक प्रकोपन की प्रतिरक्षा का अभिवाक् करता है। विनिश्चय कीजिए। 10

(b) A is attacked by Z, a person of unsound mind, who has spear in his hand. In order to protect *him*self A strikes Z with a stick on his head resulting in his death. During trial A pleads right of private defence. Decide with the help of relevant legislative provision.

A पर विकृत चित्त वाले व्यक्ति Z, जिसके हाथ में भाला था, द्वारा हमला किया जाता है। अपने आपको संरक्षित करने के लिये A लाठी से Z के सिर पर प्रहार करता है जिसके परिणामस्वरूप उसकी मृत्यु हो जाती है। विचारण के दौरान A प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार का अभिवाक् करता है। सुसंगत विधायी उपबंधों की सहायता से विनिश्चय कीजिए। 10

4. Reshma, a 16 year old girl, fed up with her step-mother's ill treatment and her father's stand of neutrality, writes a letter to her school principal complaining against the atrocities and requesting him to provide her shelter in his house. The principal assures her that he will talk to her parents, but in the meantime, Reshma leaves her house and goes to the principal's house and begs him to allow her to stay there and promises to do domestic work in return for the favour. A week later Reshma is recovered from the Principal's house. He is charged under Section 363 for kidnapping from lawful guardianship. Discuss his liability.

Would the position be any different if he had himself brought Reshma to his place, on receiving her letter, in order to save her from the ill-treatment of her step-mother? Decide.

एक 16 वर्षीय लड़की रेशमा ने अपनी सौतेली माता के दुर्व्यवहार और अपने पिता की तटस्थता से चिढ़कर अपने स्कूल के प्रिंसीपल को पत्र लिखा जिसमें उसने अत्याचारों की शिकायत करते हुए उनसे अपने घर में शरण देने का अनुरोध

किया। प्रिंसीपल ने उसे आश्वस्त किया कि वे उसके माता-पिता से बात करेंगे, पर उसी दौरान रेशमा ने अपना घर छोड़ दिया तथा वह प्रिंसीपल के घर चली गई तथा उनसे उसे अपने घर में रुकने की अनुमति देने की प्रार्थना की और वायदा किया कि इस मदद के बदले में वह उनका घरेलू कार्य करेगी। एक सप्ताह बाद रेशमा को प्रिंसीपल के घर से बरामद कर लिया गया। उसका विधिपूर्ण संरक्षकत्व से व्यपहरण करने के लिये धारा 363 के अन्तर्गत प्रिंसीपल को आरोपित किया गया। उसके दायित्व का विवेचन कीजिए।

यदि उसका पत्र मिलने पर प्रिंसीपल उसको उसकी सौतेली माता के दुर्व्यवहार से बचाने के लिए स्वयं अपने स्थान पर लाते तो क्या स्थिति में भिन्नता होती? विनिश्चय कीजिए। 20

5. Six persons enter a house at night to commit theft. While the others are busy looking for valuables on the ground floor of the house, one of them climbs up to the first floor of the house and finding the maid-servant sleeping alone there rapes her and threatens to kill her if she raises an alarm. Then he comes down and joins his associates in the process of collecting valuables after which they all leave the house. Discuss the liability of all of them for the offences of theft and rape.

छह व्यक्ति रात को चारी करने के लिए एक घर में घुसते हैं। जबकि अन्य घर के भूतल पर कीमती सामान को खोजने में लगे थे, उनमें से एक घर के प्रथम तल पर चढ़ गया और नौकरानी को वहाँ अकेले सोती पाकर उसने नौकरानी के साथ

बलात्संग किया और उसको धमकाया कि अगर उसने शोर मचाया तो वह उसको मार डालेगा। फिर वह नीचे आ गया और अपने साथियों के साथ कीमती सामान उठाने की प्रक्रिया में लग गया। उसके बाद वे सभी घर छोड़कर चले गए। चोरी और बलात्संग के अपराधों के वास्ते उन सबके दायित्व का विवेचन कीजिए।

**6.** (a) What offence, if any, has been committed by X in the following:

(i) X finds a gold ring lying on the road. He picks it up and sells it for Rs. 5,000.

(ii) Y deposited her pearl necklace with X. X substituted the genuine ones with imitation pearls.

निम्नलिखित में X द्वारा क्या कोई अपराध किया गया है:—

(i) X सड़क पर पड़ी सोने की अंगूठी पाता है। वह उसे उठाकर 5000/- रु० में बेच देता है।

(ii) Y ने अपनी मोतियों की माला X के पास जमा कर दी। X ने सच्चे मोतियों को नकली मोतियों से प्रतिस्थापित कर दिया। 5,5

(b) Write short notes on any *two*:

(i) Stalking

(ii) Voyeurism

(iii) Disrobing.

किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए:

(i) लुक-छिप कर पीछा करना

(ii) दृश्यरतिकवाद

(iii) विवस्त्रण। 5,5

7. (a) "Dishonest intention is the gist of the offence of theft." Explain. Also discuss how extortion is different from the crime of theft.

"बेइमान आशय चोरी के अपराध का मर्म है।" स्पष्ट कीजिए। यह भी विवेचना कीजिए उद्दापन चोरी के अपराध से किस प्रकार भिन्न है। 10

(b) "Rape is a question of Law." Explain the essentials of crime of Rape. How is this law different from the law against sexual assault provided under POCSO?

बलात्संग विधिगत प्रश्न है।" बलात्संग के अपराध के आवश्यक तत्त्वों को स्पष्ट कीजिए। यह विधि POCSO के तहत उपबंधित यौन हमले के विरुद्ध विधि से किस प्रकार भिन्न है? 10

8. Discuss the liability of X in the following. Attempt any *two* out of the three.

(a) X stabs B who is five year old son of A in his leg due to which there is significant blood loss. Doctors advise blood transfusion. A refuses to get it done since his religious belief doesn't allow the same. *B dies* after three days due to extreme blood loss.

(b) X is learning shooting. Despite being cautioned against practicing in crowded places, he fires

shots at his dummy target after placing it in a crowded street. A shot from his gun hits a person there causing his death.

(c) X and B are sworn enemies. One day finding B alone X gives him a deep wound in his chest with the help of a sharp dagger that pierces his heart and causes his death.

निम्नलिखित में X के दायित्व का विवेचन कीजिए। तीन में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए:

(a) X नुकीले हथियार से A के पाँच वर्षीय पुत्र B की टांग में ज़ख्म कर देता है जिसके कारण उसका काफी खून बह जाता है। डाक्टरों ने रक्त-आधान की सलाह दी। A ऐसा किए जाने से मना करता है क्योंकि उसका धार्मिक विश्वास ऐसा करने की अनुमति नहीं देता। काफी रक्त बह जाने के कारण तीन दिन बाद B की मृत्यु हो जाती है।

(b) X शूटिंग सीख रहा है। भीड़ वाले स्थान पर प्रैक्टिस करने के विरुद्ध सावधान किए जाने के बावजूद वह भीड़ वाली गली में डमी टारगेट रख कर उस पर शॉट फायर करता है। उसकी गन से छूटा एक शॉट वहाँ पर एक व्यक्ति को निशाना बनाता है तथा उसकी मृत्यु कारित करता है।

(c) X और B पक्के दुश्मन हैं। एक दिन B को अकेला पा कर A तेज धार की कृपाण से छाती में गहरा ज़ख्म कर देता है। उससे उसका दिल फट जाता है और उसकी मृत्यु हो जाती है। 10,10